>

Title: Need to provide special financial relief package to the flood-affected people in Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, झारखण्ड राज्य के राजमहल, साहिबगंज, बरहरवा और पाकुड़ आदि क्षेत्रों में बाढ़ एवं मिटटी कटाव से प्रतिवर्ष पांच लाख लोग प्रभावित हैं। हमारे क्षेत्र में मृदा - अपक्षरण एवं कटावरोधी कार्यों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा परियोजनाएं स्वीकृत की गई परन्तु इसका लाभ प्रभावित लोगों को नहीं मिला। अभी हाल में हमारे क्षेत्र में नाव दुर्घटना में करीब बीस लोग मारे गये, कई लोगों का मृत शरीर भी नहीं मिल सका।

अभी हाल में बाढ़ से बचाव के लिए केन्द्र सरकार को सूचित किया गया है, परन्तु आज तक आवश्यक उपाय नहीं किये गये हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि झारखण्ड के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव के लिए और बाढ़ पीड़ितों के मुआवजे के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विशेÂष आर्थिक पैकेज जारी करने की व्यवस्था की जाये।